हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 20 जून, 2025




13 पहले अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन फिर ज्ञापन...



14 निरोगी रहने के लिए रोजाना 45 मिनट करें योग

**खबर संक्षेप**

## श्रीश्याम अर्जी संकीर्तन का आयोजन कल

**भिवानी।** गोस्वामी लालदास मैमोरिटयल ट्रस्ट द्वारा कृपा सांवरे की परिवार के सहयोग से 22 जून को श्रीश्याम अर्जी संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के सचिव गणपतराय जसूजा ने बताया कि धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं तथा कार्यक्रम भक्तिभाव से ओत-प्रोत रहेगा, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुगण भाग लेंगे तथा श्रीश्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्रीश्याम अर्जी संकीर्तन का आयोजन रात्रि आठ बजे से किया जाएगा, जिसमें भजन गायन, अर्जी पूजन व प्रसाद वितरण जैसे विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न होंगे। जसूजा ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज में भक्ति, समर्पण और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ाना है।

## गांव कायला के स्कूल से हजारों का सामान चोरी

**भिवानी।** गांव कायला के सरकारी स्कूल से चोर हजारों रुपये के सामान ले गए। बाद में स्कूल के चौकीदार ने इसकी शिकायत थाने में की। पुलिस को दी शिकायत में चौकीदार राजकुमार ने बताया कि 17 जून को वह स्कूल में ड्यूटी पर आया हुआ था। रात को बारिश आने के बाद वे कम्प्यूटर के साथ वाले कमरे में सो गए। सुबह साढे चार बजे नींद खुली तो कमरे का दरवाजा बाहर से बंद था। उसने साथी को फोन करके बाहर से दरवाजे की लगी कुंडी को खुलवाया। तब वह कमरे से बाहर निकला। बाद में उसने इस बारे में सदर थाने में शिकायत की। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके मामले की जांच आरंभ कर दी।

## कच्ची बस्ती में रहने वाली युवती लापता

**लोहारू।** शहर में एक कच्ची बस्ती में रहने वाली एक युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती के भाई ने लोहारू पुलिस थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस को दी शिकायत में युवती के भाई ने बताया कि वे चार भाई और पांच बहनें हैं। हमारा परिवार पांच छह महीनों से लोहारू में कच्ची बस्ती में रह रहा है। उसकी बहन सुबह घर से बस्ती में दाना मांगने के लिए गई थी लेकिन सांय तक घर नही लौटी। उसकी आस पड़ोस में काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिली।

## योग दिवस कार्यक्रम को लेकर अंतिम रिहर्सल आज

**लोहारू।** कल लोहारू के चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में मनाए जाने वाले उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 20 जून को चौ देवीलाल खेल स्टेडियम में अंतिम रिहर्सल की जाएगी। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज दलाल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। बता दें कि इन दिनों शहर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियां चल रही हैं। सरकार के निर्देशानुसार जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# आखिर कैसे टूटती हैं महाराणा प्रताप चौक के पास डिवाइडर पर लगी ग्रिल

### बार बार एक ही जगह से ग्रिल का टूटना पैदा कर रहा शक, हादसे का अंदेशा

- सुरक्षा की दृष्टि से लगाई गई ग्रिल दुकानदारों को नही आ रही रास
- रोड के एक ओर के ग्राहक दूसरी तरफ नहीं जा पाते





**भिवानी।** हांसी गेट महाराणा प्रताप चौक के निकट टूटा डिवाइडर व ग्रिल और ग्रिल टूटने के बाद डिवाइडर कूदती युवतियां। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

**प्रशासन करवाएगा जांच**

सड़क के बीच डिवाइडर पर ग्रिल के एक ही जगह से बार बार टूटने की प्रशासन को जांच करवानी चाहिए और अपने फायदे के लिए दुकानदार जानबूझकर इसे तुड़वा रहे हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए और नुकसान का सारा खर्च जुर्माने के तौर पर उनसे वसूलना चाहिए। इसके साथ ही लोगों की सुरक्षा को देखते हुए डिवाइडर पर जल्द से जल्द ग्रिल लगवाई जाए, जिससे हादसों पर रोक लग सकें।

**हो चुके हैं कई बार हादसे**

नगर परिषद शहर को कैटल फ्री करने के लिए अभियान चला रही हैं और बेसहारा पशुओं को पकड़ा भी जा रहा हैं, लेकिन फिर भी शहर में इतनी तादाद कम नहीं हो रही। बेसहारा पशु अचानक रोड डिवाइडर से दूसरी ओर कूद जाते हैं और सामने से आ रहे वाहन से टकरा जाते हैं, जिससे आए दिन अनेक हादसे घटित होते हैं। बेसहारा पशुओं के कारण अनेक लोगों की मौत भी हो चुकी हैं। इसी के चलते जिला प्रशासन व नगर परिषद ने रोड के बीच डिवाइडर पर लोहे की ग्रिल लगाई है, जिससे राहगीर व बेसहारा पशु अचानक रोड क्रॉस न करें और हादसों पर रोक लग सकें।

हांसी गेट महाराणा प्रताप चौक से पुराना बस स्टैंड की ओर जाने वाले सड़क मार्ग के बीच डिवाइडर पर जिला प्रशासन ने लोहे की ग्रिल लगाई थी। रोड के बीच डिवाइडर पर ग्रिल लगने से राहगीरों को रोड के दूसरी ओर जाने में चौक से ही घूमना पड़ता हैं, लेकिन ये सुरक्षा दृष्टि से ठीक भी हैं, लेकिन काफी दुकानदारों को इससे तकलीफ हैं। दुकानदारों का अनुमान है कि डिवाइडर पर ग्रिल लगने से रोड के दूसरी तरफ का ग्राहक इस ओर नहीं आ सकता, जिससे उनके व्यवसाय पर काफी असर पड़ा हैं। जिला प्रशासन ने लोहे की ग्रिल राहगीरों व वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए लगवाई हैं, लेकिन बार-बार ट्रक के टकराने से ग्रिल टूटना संशय पैदा करता हैं कि जान-बूझकर एक ही जगह से बार-बार ग्रिल तुड़वाकर इसे कहीं हादसे का रूप तो नहीं दिया जा रहा, जिससे दुकानदारों के व्यवसाय पर कोई फर्क न पड़े।

जिला प्रशासन व नगर परिषद द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के चलते सरकुलर रोड के बीच डिवाइडर बनाकर उस पर ग्रिल लगवाई गई थी, जिससे राहगीर व बेसहारा पशु रोड क्रॉस न करें और सड़क हादसों पर रोक लग सकें। इसी के चलते हांसी चौक महाराणा प्रताप चौक के नजदीक सड़क के बीच डिवाइडर पर ग्रिल लगने से वाहन चालकों को अचानक राहगीरों व बेसहारा पशुओं के रोड क्रॉस करने का भय खत्म हो गया हैं और उन्हें काफी राहत मिली हैं, लेकिन कुछ दुकानदारों को ग्रिल लगना हजम नहीं हो रहा और वे ग्रिल लगने को अपने व्यवसाय पर फर्क पड़ने से जोड़ रहे हैं। कुछ दुकानदारों का मानना हैं कि जिला प्रशासन ने डिवाइडर पर लोहे की ग्रिल लगाकर उनका व्यवसाय ठप कर दिया हैं, जबकि ग्रिल किसी के व्यवसाय को ठप करने के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षा दृष्टि से लगवाई हैं, जिससे राहगीर व बेसहारा पशु अचानक डिवाइडर के ऊपर से दूसरी तरफ न जाएं और हादसों पर रोक लग सकें। डिवाइडर पर ग्रिल लगने के बाद कुछ दुकानदारों को काफी परेशानी हैं कि दूसरी तरफ का ग्राहक नहीं आता और वे इससे हटवाने व तोड़ने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। हांसी चौक मात्र 50 मीटर की दूरी पर मिष्ठान भंडार, फास्ट फुड व अन्य दुकानें हैं, जिनके सामने बार-बार डिवाइडर व उसपर लगी ग्रिल ट्रक व डंपर के टकराने से टूट रही हैं। बार-बार एक ही जगह से डिवाइडर व ग्रिल का टूटना संशय पैदा करता हैं कि आखिर कैसे एक ही जगह से डिवाइडर व ग्रिल टूट रही हैं या तोड़ी जा रही हैं। कहीं दुकानदार अपने फायदे के लिए हादसा दिखाकर तो डिवाइडर व ग्रिल को नहीं तुड़वा रहे हैं।



**बवानीखेड़ा।** गांव औरंगनगर में कोमल के सरपंच बनने पर सरपंच के पिता का मुंह मीठा कराते विधायक कपूर वाल्मीकि के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि।

# 22 वर्षीय कोमल बनी औरंगनगर की सरपंच

- विधायक के छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने गांव पहुंचकर कराया मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

गांव औरंगनगर में सरपंच उपचुनाव में कोमल पुत्री अशोक कुमार ने बाजी मारकर विरोधियों के हौंसले पस्त कर दिए। उसने 261 मतों में से 114 मत लेकर सरपंच पद का चुनाव जीता। इनका चुनाव निशान गिलास था। वहीं दूसरी तरफ कोमल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रत्याशी रही रीना को 40 मतों से हराया। रीना को कुल 74 हासिल हुए।

रीना का चुनाव चिह्नअनाज बरसाता हुआ किसान था। इन सरपंच उपचुनाव में आरती तीसरे स्थान पर रही जिसे 73 मत प्राप्त हुए और इनका चुनाव चिन्ह साइकिल था। जैसा की सभी जानते हैं योग्यता के मसले को लेकर पूर्व सरपंच शीला देवी को पद से हटाया गया था और उपचुनाव करवाना तय हुआ। रविवार को हुए उपचुनाव में गांव औरंगनगर के मतदाताओं ने एकजुटता दिखाई और शीला देवी पत्नी अशोक कुमार की 22 वर्षीय पुत्री कोमल के हाथ गांव की चौधर सौंप दी। जिससे विरोधियों के भी हौंसले पस्त हो गए। पहले मां ने गांव की चौधर संभाली अब बेटी गांव की चौधर संभालेगी। सबसे छोटी उम्र की कोमल सरपंच बनी।

## गाड़ी के पांच टायर चोरी करने के मामले में दो दबोचे

**भिवानी।** थाना शहर पुलिस भिवानी ने ऑटो मार्केट में सर्विस के लिए आई गाड़ी के चारों एलॉय टायर व स्टेपनी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को भिवानी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कमल निवासी दादरी गेट भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी को शिकायत दर्ज करवाई थी जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया की आटो मार्केट भिवानी में उनकी स्पेयर पार्ट्स की दुकान है जो 13 मई की रात को उनकी दुकान परस्विफ्ट गाड़ी काम के लिए आई थी को खड़ी करके गए थे जो सुबह आकर देखा तो स्विफ्ट गाड़ी के चारों टायर व स्टेपनी को चोर चोरी करके ले गए थे। थाना शहर भिवानी के मुख्य सिपाही समीर ने टायर चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गांव निनान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान कृष्ण निवासी दानापुर झज्जर व गौरव निवासी लोहारी जिला झज्जर के रूप में हुई है।

# नेशनल हाइवे 152डी पर तीन ट्रकों की टक्कर में दो की मौत




हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

नेशनल हाईवे 152डी पर गांव झींझर के समीप तीन ट्रकों की टक्कर में चालक सहित दो की मौत हो गई और एक गंभीर से घायल हो गया। घायल को दादरी सामान्य अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामान्य अस्पताल भिजवा दिया।

मृतक चालक के पिता ने राजस्थान नंबर का रोड पर खड़े ट्रक चालक के खिलाफ शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार वीरवार सुबह करीब पांच बजे नेशनल हाईवे 152डी पर गांव झींझर के समीप राजस्थान नंबर का एक ट्रक रोड के बीचों-बीच खड़ा था, तभी दूसरे ट्रक ने पीछे से उसमें टक्कर मार दी, इसी दौरान पीछे से आ रहा एक अन्य ट्रक भी टकरा गया। हादसे में पीछे से टकराए एक ट्रक के चालक और दूसरे के परिचालक की मौत हो गई। मृतक चालक की पहचान यूपी निकासी दीपू यादव और परिचालक की



पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के गांव डोला निवासी मृतक सुमित के रूप में हुई है। हादसे में एक परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसको गंभीर समय में रोहतक पीजीआई रेफर किया है। मृतक परिचालक सुमित के पिता ने बताया कि उसका बेटा एक ट्रक पर कंडक्टर था। कल रात को वह सोनीपत से क्रेशर लेने के लिए दादरी आ रहे थे। झींझर गांव के समीप एक चालक ने लापहरवाही से ट्रक को रोड के बीचों-बीच खड़ा कर रखा था, जिसकारण ये हादसा हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि तीन ट्रकों की टक्कर हुई है। हादसे में एक चालक व दूसरी गाड़ी के परिचालक की मौत हुई है। मृतक चालक सुमित के पिता की शिकायत पर ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# आदर्श सौर गांव में शामिल होंगे दादरी जिले के 16 ग्राम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

- पांच हजार से अधिक आबादी वाले गांवों को सोलर पैनल लगवाने पर मिलेंगे एक करोड़

**इन गांवों का किया चयन**

योजनाओं का लाभ लेने वाली पंचायत माडल सोलर ग्राम के लिए चयनित की जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ बैठक में अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए हैं कि सभी सरपंच और ग्राम सचिवों के माध्यम से गांवों में जागरूकता अभियान चलाएं। योजना के तहत जिला में बाढ़ड़ा, बेरला, सांवड, बौन्द कलां, रानीला, सांजरवास, झिंझर, अचीना, चरखी, छपार, इमलोटा, रावलधी, समसपुर, चिडिया, झोझूकलां और कादमा शामिल गांव किए गए हैं।

ग्राम पंचायतों को आदर्श सौर गांव बनाने की दिशा में प्रोत्साहन के लिए सरकार ने महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है, जिसके



तहत सबसे अधिक सोलर पैनल लगवाने वाले गांव को एक करोड़ रुपये की विशेष अनुदान राशि दी जाएगी। योजना में दादरी जिला के 16 ऐसे गांवों को शामिल किया गया है, जिनकी आबादी 2011 की जनगणना अनुसार 5 हजार से ज्यादा है। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना चलाई जा रही है। योजना का एक घटक माडल सौर गांव है, जिसका उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में एक आदर्श सौर गांव बनाना है।

### 25 नवंबर तक चलेगी स्पर्धा

चयनित गांवों में सोलर उपकरणों को अपनाने की छह माह की प्रतिस्पर्धा 26 मई से शुरू हो चुकी है जो कि 25 नवंबर 2025 तक चलेगी। सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले गांव को माडल सोलर ग्राम बनाया जाएगा। चुने हुए गांवों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जनहित में कार्य किए जाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में योजना को गति देने के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन कर दिया गया है। ऊर्जा विभाग द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री कुसुम सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम, सोलर स्ट्रीट लाइट, ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट योजनाओं को शामिल किया है।

## छपार में पुलिस ने खंगाले नशा तस्करों के ठिकाने, ग्रामीणों से की पूछताछ



**चरखी दादरी।** पुलिस का जिले को नशामुक्त करने का अभियान जारी है। वीरवार को पुलिस ने नशीले पदार्थों के कारोबार में लिप्त संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। सदर पुलिस टीम ने गांव छपार में नशे के आदि लोगों की तलाश की व बेचने वालों के ठिकाने पर बारीकी से तलाशी ली गई। पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ भी की व नशे से जुड़े लोगों की सूचना पुलिस को देने बारे अपील की। थाना सदर एसएचओ ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कहा कि जिले को नशामुक्त करना पुलिस की प्राथमिकता है, इसलिए पुलिस नशा तस्करों के ठिकानों छापेमारी कर रही है। पुलिस का ये अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक दादरी जिला पूर्ण रूप से नशामुक्त नहीं हो जाता संदिग्ध लोगों पर पुलिस लगातार पैनी नजर रख रही है। हम पूरी लग्न व ईमानदारी से काम कर रहे हैं। नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा, उनका अंजाम जेल की सलाखें होंगी।

## नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का अध्यापक संघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी की नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का वीरवार को अध्यापक संघ सम्बंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने स्वागत किया। इस मौके पर अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी परिसंघ सदस्य एवं कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता जयवीर नाफरिया के नेतृत्व में संघ के सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का कार्यभार संभालने पर अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि डॉ. निर्मल दहिया की अपने कार्य के प्रति कर्मठ व ईमानदार प्रवृत्ति की छवि रही है। उन्होंने कहा कि भिवानी को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में इनका पूर्ण सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग में सकारात्मक बदलाव और पारदर्शिता लाने की दिशा में निर्मल दहिया का कार्यकाल मील का पत्थर साबित होगा।इस मौके पर नवनियुक्त डीईओ ने संघ सदस्यों को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निपटारा समय पर किया जाएगा। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश, संत शिरोमणि सभा चांग के प्रधान शेरसिंह बिब्बा, अध्यापक संघ के जिला प्रधान

### परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

# सत्संग परमात्मा के नाम का गुणगान: संत कंवर साहेब



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

- हमारी रूह परमात्मा से ही बिछड़ कर आई थी इसका कल्याण भी परमात्मा से मिलन होने पर ही होता है

कोई स्थान हो कोई समय हो कोई काल हो सत्संग होता रहना चाहिए क्योंकि सत्संग सत्य का संग है और सत्य स्थान समय और काल का मोहताज नहीं है। सत्संग परमात्मा के नाम का गुणगान है क्योंकि परमात्म स्तुति ही इंसान का मुख्य कर्म है। समय निकालकर भगवान की भक्ति करनी चाहिए। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में फरमाए।

गुरु महाराज एक महीने के विदेश सत्संग प्रवास से वापिस दिनोद धाम लौट कर संगत को दर्शन और सत्संग दे रहे थे। हुजूर कंवर साहेब ने फरमाया कि जीवन में कई बार हमारे सामने दो मार्ग होते हैं। एक मार्ग वह जो जीवन बना देता है और दूसरा मार्ग वह जो जीवन को बर्बाद कर दे। पहले रास्ते पर दुख तकलीफ होगी।

मेहनत भी ज्यादा करनी होगी, लेकिन ये सर्वदा सुख का मार्ग है। उन्होंने कहा भक्ति भी बिना परिश्रम के नहीं होगी। इंसान को परिश्रम कर अपने कल्याण का मार्ग ढूंढना चाहिए। तभी उसको ज्ञान व सुख की प्राप्ती हो सकती है। हमारी रूह परमात्मा से ही बिछड़ कर आई थी इसका कल्याण भी परमात्मा से मिलन होने पर ही होता है। गुरु महाराज ने कहा कि पहले अच्छे इंसान बनो, किसी की भी बुरा न करों और न ही उसके बारे में बुरा भी न सोंचो। परोपकार करो, दया करो, सेवा करो, करो तो अपने लिए करो । जैसे जमींदार यदि अपने खेत की सम्भाल करके अच्छी फसल पा जाता है वैसे ही आप भी अपने जीवन रूपी खेती की सही सम्भाल करो। परमात्मा का नाम लेकर आगे बढ़े। उसके नाम का सुमिरण करें। तो जीवन में कभी अशांति नहीं होती। अपने कर्मो को ठीक करके अपने जगत को और अगत को सँवारो। दया उसको मिलती है जो दया का पात्र है।

## हरियाणा के एचसीएस विश्वजीत श्योरण बने 'आयरनमैन'

- जीती आस्ट्रेलिया के कर्न्स में आयोजित सबसे कठिन ट्रायथलॉन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू




लोहारू हलके के गांव गागड़वास निवासी हरियाणा के एचसीएस अधिकारी विश्वजीत सिंह श्योराण ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। वे प्रदेश के पहले एचसीएस अधिकारी बन गए हैं, जिन्होंने 'आयरनमैन' का खिताब अपने नाम किया है। आस्ट्रेलिया के कर्न्स में आयोजित एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल चैम्पियनशिप-2025 में विश्वजीत सिंह ने ये अवार्ड जीता है। यह दुनिया की सबसे कठिन ट्रायथलॉन है।

स्वास्थ्य

युविका धर योग प्रशिक्षक

बच्चो, अगर तुम्हें फिजिकली-मेंटली फिट एंड हेल्दी रहना है तो अपने डेली रूटीन में योगाभ्यास को जरूर शामिल करो। योगासन, बॉडी पोश्चर को सुधारने के साथ-साथ हमें टेंशनफ्री और रिलैक्स रखते हैं। यहां हम तुम्हारे लिए कुछ योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें तुम आसानी से कर सकते हो, ये बहुत प्रभावी भी हैं।

# ये योगासन तुम्हें रखेंगे फिट एंड हेल्दी



### सुखासन

**इसे करने** के लिए अपने पैरों को क्रॉस करके और पीठ को सीधा करके जमीन पर बैठ जाओ। अपने हाथों को अपने हृदय के मध्य में या घुटनों पर रखो। अब आंखें बंद करके धीरे-धीरे गहरी सांस लो और धीरे-धीरे छोड़ो।
**लाभः** सुखासन करने से एकाग्रता यानी कंसंट्रेशन बढ़ाने में मदद मिलती है। तुम जो भी काम करते हो वह जल्दी और बहुत अच्छे से हो जाता है। *

### बद्धकोणासन

**इसे बाउंड** एंगल पोज या तितली मुद्रा भी कहा जाता है। बच्चो, इस आसन को तुम आराम से कर सकते हो। इसे करने में तुम्हें मजा भी आएगा। बद्धकोणासन करने के लिए सबसे पहले अपनी पीठ सीधी और पैरों को चौड़ा करके बैठ जाओ। अब पैरों को मोड़कर तलवों को एक-दूसरे के सामने रखकर पैरों से तितली की तरह फ्लाइंग मूवमेंट करो।



**लाभः** इस आसन को करने से डाइजेशन सही रहता है। अगर पीठ का दर्द है तो इससे राहत मिलती है और मूड भी अच्छा बना रहता है। *

### मार्जरी आसन (बिल्ली मुद्रा)



**मार्जरी आसन** करने के लिए अपनी कोहनियों, कंधों और कलाइयों को सही पोजिशन में रखते हुए, अपने हाथों और घुटनों के बल टिक कर अपनी पीठ को झुकाओ और एक बिल्ली की तरह पोज बनाओ फिर 30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में रुको। बच्चो, इस योग को करने में तुम्हें बहुत मजा भी आएगा।
**लाभः** इस मजेदार आसन को करने से तुम्हारी पीठ की मसल्स मजबूत बनेंगी। साथ ही इससे तुम्हारा पोश्चर भी सुधार रहेगा, तुम स्मार्ट दिखोगे। *

### वीरभद्रासन



**इस आसन** को 'वॉरियर पोज' यानी 'योद्धा मुद्रा' भी कहते हैं। वीरभद्रासन करने के लिए एक पैर को आगे बढ़ाकर ऊंची छलांग लगाने वाली मुद्रा में खड़े हो और सामने वाले घुटने को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ो। अपने पिछले पैर को जमीन पर 45 डिग्री के कोण पर सीधा रखो। सांस बाहर छोड़ो और कुछ देर तक रोक कर रखो। इस आसन को करते हुए तुम अपने आप को स्ट्रॉन्ग और बैलेंस्ड फील करो।
**लाभः** यह आसन तुम्हें भीतर से मजबूत बनाएगा। इसे करने से तुम्हारा आत्मविश्वास बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ने पर तुम कभी किसी काम के लिए ना नहीं कहोगे, तुम्हारी छवि एक योग्य व्यक्ति के रूप में बनेगी। *

### उत्कटासन



**इस आसन** को चेयर पोज भी कहा जाता है। उत्कटासन करने के लिए अपनी भुजाओं को सिर के ऊपर उठाओ, गहरी सांस लो और अपने घुटनों को आगे लाओ। अपनी जांघों को जमीन के समानांतर रखो। एक मिनट तक इसी पोजिशन में रुको फिर धीरे-धीरे पहले जैसी स्थिति में आ जाओ।
**लाभः** उत्कटासन करने से तुम्हारे पैर की मसल्स मजबूत बनेंगी। तुम्हारी बैलेंसिंग केपेसिटी बढ़ेगी। साथ ही तुम्हारी मेंटल हेल्थ भी बेहतर रहेगी। *

### वृक्षासन



**इस आसन** को करने के लिए अपने हाथों को बगल में रखकर सीधे खड़े हो जाओ। अपना वजन एक पैर पर डालो और दूसरे पैर को उठाकर अपनी जांघ, टखने या पिंडली पर टिका दो। अपनी हथेली को आपस में एक साथ मिलाकर इसे दबाते हुए अपने सिर के ऊपर उठाओ। कुछ समय तक इसी पोजिशन में रुको फिर सामान्य हो जाओ।
**लाभः** वृक्षासन से शरीर का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है। इससे हमारा शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। *

● प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन

# नियमित करो योग रहो स्वस्थ-निरोग

हर कोई शरीर और मन से स्वस्थ, निरोग रहना चाहता है। इसके लिए हमें योग जरूर करना चाहिए। योग का हमारे शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत ही अच्छा प्रभाव पड़ता है। बच्चो, जानो योग करने के क्या-क्या फायदे होते हैं।



सलाह
राकेश चक्र

योग का जन्मदाता अपना देश भारत है। योग भारत में तो लोकप्रिय है, आज इसे विश्व के अन्य देशों में अपना रहे हैं। योग हमारे तन-मन दोनों को ही स्वस्थ रखने का बहुत प्रभावी माध्यम है। इसलिए हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग के क्या-क्या लाभ हैं, इसकी जानकारी हर बच्चे को होनी चाहिए, जानो।

**स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारीः** नियमित योग करने से हम स्फूर्तिवान बनते हैं। शारीरिक ही नहीं, मानसिक रूप से मजबूत बनते हैं। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, हमारा शरीर निरोगी रहता है।



**बढ़ती है कार्यक्षमताः** चूंकि योग से हम स्वस्थ रहते हैं, इसलिए हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। इससे मन एकाग्रचित रहता है, याददाश्त बढ़ती है, बुद्धि तेज होती है। इस कारण हम अपने सभी काम जल्दी और बेहतर ढंग से कर पाते हैं। योग हमारी रचनात्मकता को बढ़ाता है। यह हमें शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करता है, जिससे हम स्वस्थ रहते हैं।

**बढ़ता है आत्मविश्वासः** योग हमारे स्वास्थ्य को बेहतर रखने में सहायक रहता है। अगर इसे नियमित किया जाए तो इससे हमारा आत्मविश्वास यानी कॉन्फिडेंस बढ़ता है। बच्चो, हमारा कॉन्फिडेंस मुश्किल से मुश्किल काम को आसानी से करने का हौसला देता है। हम अपना काम सही ढंग से करने में सफल होते हैं।

**प्रकृति से जोड़ता हैः** प्रायः योग किसी खुले स्थल जैसे पार्क आदि में किया जाता है, इसलिए इसे करने के दौरान हम प्रकृति के करीब आते हैं। योग की विभिन्न मुद्राएं, जैसे- हंस मुद्रा (हंस की तरह मुद्रा), वृक्षासन (पेड़ की तरह स्थिर कद), सिंहासन (शेर की तरह), मंडूकासन (मेंढक की तरह) आदि ऐसे आसन हैं, जो हमें प्रकृति को समझने का अवसर देते हैं, हमें प्रकृति से जोड़ते हैं। ये आसन पशु-पक्षियों एवं प्रकृति से ही सीख कर, प्रेरित होकर हमारे ऋषि-मुनियों द्वारा अपनाए गए हैं।

**दूर होती है हीन भावनाः** जब लोग किसी दूसरे से खुद की तुलना करते हैं तो कई बार उनके मन में हीन भावना घर कर जाती है। इस तरह की हीन भावना उनकी सफलता में बाधक बनती है। योग हमें हीन भावना जैसे नकारात्मक विचारों से दूर रखता है। योग हमें खुद को बेहतर बनाने और बिना किसी से तुलना किए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने में मदद करता है। योग आलस्य से दूर रखकर हमें परिश्रमी और जागरूक बनाता है।

बच्चो, इन सबके अलावा भी योग के अनेक फायदे हैं, जो तुम योग करते-करते खुद ही महसूस करोगे। योग तुम्हें शारीरिक-मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर हर दिन बेहतर बनने में मदद करता है। योग तुम्हारी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## रोचक विज्ञान कथाएं

कई बच्चे विज्ञान को बहुत कठिन विषय मानते हैं, उसके नियम और सिद्धांत उन्हें आसानी से समझ में नहीं आते हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं। विज्ञान को अगर मजेदार तरीके से पढ़ा और प्रायोगिक तौर पर समझा जाए तो यह तुम्हें सबसे रोचक विषय लगेगा। प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक देवेंद्र मेवाड़ी द्वारा लिखी पुस्तक 'सुनो बात विज्ञान की' में संकलित दस कहानियां पढ़कर तुम इस बात को जरूर मानोगे। इस किताब में तुमको विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की जानकारी बहुत ही रोचक कहानी के जरिए पढ़ने को मिलेगी। इन सभी कहानियों के मुख्य पात्र देवीदा, विज्ञान के बहुत अच्छे जानकार हैं, जो अपने आस-पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों को विज्ञान से जुड़ी जानकारियां खिलंदड़े अंदाज में देते हैं। ये बच्चे (मानसी, गार्गी, नंदू, चेतन, विक्रम, सौरभ, शेफाली, विवेक आदि) अपने मन की सारी जिज्ञासाएं बेझिझक देवीदा से पूछते हैं, जिन्हें वे व्यावहारिक प्रमाण देकर उन्हें समझाते हैं। इन कहानियों में तुम चंद्रमा पर भारत के सफल चंद्रयान-3 मिशन के बारे में, धूमकेतुओं के बारे में, बिजली के आविष्कार के इतिहास के बारे में, पेड़-पौधों की महत्ता के बारे में, ऋतु चक्र में वसंत के महत्व के बारे में, जुगनुओं, पक्षियों, आलू की कहानी समेत प्राकृतिक आपदा सुनामी और होली पर नकली रंगों के इस्तेमाल से नुकसान के बारे में पढ़ सकते हो। इन्हें पढ़ने के दौरान तुम्हें जरा भी बोरियत नहीं महसूस होगी और तुम बहुत कुछ नया जान-समझ जाओगे। *




**किताब**: सुनो बात विज्ञान की, **लेखक**: देवेंद्र मेवाड़ी, **मूल्य**: 125 रुपए, **प्रकाशक**: साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

कहानी

संतोष उत्सुक

आभास को अपने दोस्तों की देखा-देखी जंक फूड्स खाने का शौक हो गया। देखते-देखते उसका वजन बढ़ गया, वह मोटा दिखने लगा। मम्मी को चिंता हुई तो उन्होंने आभास को टोका, पापा ने भी उसे समझाया। क्या आभास पर अपने मम्मी-पापा के समझाने का कोई असर हुआ?

# भगाया मोटापा!



आभास के पापा का ट्रांसफर दूसरे शहर में हो गया था। नए शहर में आकर वह बहुत खुश और उत्साहित था। यहां उसके नए दोस्त बने। नए घर में शिफ्ट होने के बाद पापा ने आभास से कहा, 'बेटा, तुम्हें एक बड़े और अच्छे शहर में रहने का फायदा उठाना चाहिए। पढ़ाई, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। तुम्हारे नए स्कूल में ये सभी सुविधाएं उपलब्ध भी हैं। तुम इनका फायदा उठाओ।'

आभास का स्कूल जाना शुरू हुआ तो नए सहपाठी मिले, जिनमें से कई उसके मित्र बन गए। आभास के कई सहपाठी तो पड़ोस में ही रहते थे। स्कूल के बाद रोजाना सभी मिलते थे। आभास के कई मित्र, तरह-तरह की चीजें खाने के बहुत शौकीन थे। आपस में पढ़ाई-लिखाई के साथ मनपसंद चीजें खाने की बातें भी होती थीं। उन्हें जंक फूड्स बहुत पसंद थे। स्कूल के आस-पास जंक फूड के कई आउटलेट्स खुले हुए थे। स्कूल टाइम के बाद बच्चे मोमोज, स्प्रिंग रोल, चाऊमिन, पिज्जा, बर्गर और भी कई ऐसी चीजें मजे से खाते थे।

आभास पहले जंक फूड कभी-कभार ही खाता था, क्योंकि जहां वह रहता था, ये चीजें कम ही मिलती थीं। वह तरह-तरह की चीजें खाने का बहुत शौकीन था, इसलिए जब उसे ये चीजें रोज खाने को मिलने लगीं तो उसकी जुबान पर इनका स्वाद चढ़ गया। ज्यादा समय नहीं लगा, इन्हें खाकर उसका वजन बढ़ गया। दो महीने में ही आभास का पेट निकल आया। कुछ दिन बाद कमीज के निचले बटन मुश्किल से बंद होने लगे। कमर पर पैंट कसने लगी। एक दिन मम्मी ने कहा, 'बेटा, मुझे पता है तुमने जंक फूड ज्यादा खाना शुरू कर दिया है। तुम्हारा वजन बढ़ रहा है। यह अच्छी बात नहीं है। अपनी हेल्थ का ध्यान रखो।'

आभास बोला, 'मम्मी, आपको पता तो है मुझे मोमोज, पास्ता, पिज्जा, बर्गर और चाऊमीन बहुत पसंद हैं। पहले ये चीजें मैं कहां खा पाता था, अब चांस मिला है।'

मम्मी ने समझाया, 'बेटा, तुम पहले कभी-कभी खाते थे तो तुम्हारे शरीर पर ज्यादा असर नहीं होता था। तुम्हारा स्कूल भी घर से दूर था। पैदल भी खूब चलते थे। यहां स्कूल पास है और जंक फूड की दुकानें भी हैं। तुम अपना ध्यान रखो, नहीं तो मोटे होते जाओगे।'

आभास ने मम्मी की चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि उसका वजन और ज्यादा बढ़ गया। कभी-कभार उसके मन में आता कि आज नहीं खाएगा, लेकिन अपने सहपाठियों के कहने और दुकान से आ रही खुशबू के कारण, वह ललचा जाता फिर जाकर वह खा लेता। जंक फूड खाने से उसे सुस्ती आने लगी। वह सुबह भी देर से उठता।

एक दिन फिर मम्मी ने आभास को चेताया कि वह मोटा होता जा रहा है। वह बोला, 'मम्मी, मैं अपनी हेल्थ का ध्यान दूंगा। मैं योग करके अपना बढ़ा हुआ पेट कम कर लूंगा।' लेकिन कई दिन बीतने पर भी जब आभास ने कुछ नहीं किया तो मम्मी ने चिंता से पापा से बात की।

रविवार को पापा ने आभास को अपने पास बुलाया और समझाया, 'बेटा, जंक फूड खाने से तुम मोटे हो रहे हो। तुम्हारा पेट बाहर निकल गया है। मोटापा एक बार आ जाए तो वापस मुश्किल से जाता है। अगर विद्यार्थी जीवन से ही संतुलित खाना खाया जाए और योग-व्यायाम किया जाए तो शरीर चुस्त रहता है। बेटा, मोटापा कई बीमारियों का कारण है। अच्छे स्वास्थ्य का कोई विकल्प नहीं। तुमको अनुशासन में रहकर खाना चाहिए ताकि पसंद का सब कुछ खा सको और वजन भी न बढ़े। बेटा, मुझसे वायदा करो कि नियमित योग करोगे, बढ़ा हुआ वजन एक महीने में कम कर लोगे।'

आभास को अपने पापा की बात, समझ में आ गई। उसने पापा से वायदा किया कि वह जंक फूड खाना बिल्कुल बंद कर देगा। अपना वजन घटाने और पेट अंदर करने के लिए रोजाना योग-व्यायाम करेगा।

सोमवार को स्कूल जाते समय आभास ने जंक फूड की दुकानों की तरफ देखा तक नहीं। उसने पक्का निश्चय कर लिया था कि अब उसे अपना वजन कम करना है। कुछ दिन बाद उसका वजन कम भी होने लगा। वह मन ही मन यह सोचकर खुश होता कि बहुत जल्दी अपने मोटापे को घटा लेगा, फिट और फुर्तीला नजर आएगा। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## योग करें बन जाएं भीम

पापा बोले, 'योग करो तो,
दूर भागते रोग।
तन-मन की दिक्कतें मिटाए,
काया बने निरोग।'
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य-
इस वर्ष के लिए थीम।
योग करे जो भी दुनिया में,
वह बन जाए भीम।'
मैं बोला, 'प्यारे पापा!
फिर चलो सिखाओ योग।
मैं भी रोज करूंगा,
कर के मुझे दिखाओ योग।'
योग दिवस इक्कीस जून को,
मना रहा संसार।
'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य',
की गूंज रही जयकार।
अब पापा के साथ बैठकर,
मैं करता हूं योग।
देखा-देखी योग कर रहे,
घर के सारे लोग।

## जीके क्विज-158

1. हाल ही में किस पूर्व भारतीय कप्तान को आइसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया गया है?
2. जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर कौन थे?
3. एशिया का सबसे बड़ा ट्यूलिप गार्डन किस राज्य में स्थित है?
4. प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर किस राज्य में स्थित है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. हमारे शरीर के बालों में कौन सा प्रोटीन पाया जाता है?
7. हल्दी घाटी का युद्ध कब हुआ था?
8. भारत में नेशनल डॉक्टर्स डे कब मनाया जाता है?
9. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?
10. एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?



बच्चों, जीके क्विज-158 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-157 का उत्तरः** 1.शतरंज, 2.कनाडा, 3.एनालेना बैरबॉक, 4.सुभाष चंद्र बोस, 5.ओडिशा, 6.मेगास्थनीज, 7.ओटावा, 8.विटामिन ए, 9.बैकाल, 10.किडनी

**जीके क्विज-157 का सही उत्तर देने वालेः** आशीष-दुर्ग, सौम्या-रायपुर, सागर-बिलासपुर, हिमांशु-बिलासपुर, गोल्डी-भोपाल, चेतन-रोहतक, कबीर-हिसार, गोदावरी-ईमेल से, चैतन्य-महासमुंद, राजन-बालोद, काव्या-दुर्ग

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां योग दिवस से जुड़े एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर पांच मिनट में खोज कर बताने हैं, तो देर किस बात की, फटाफट सारे अंतर खोजो।



उत्तर : 1. सबसे आगे बैठकर योग कर रहे लड़के की टी-शर्ट का कलर बदला हुआ है। 2.नीचे बाईं तरफ एक फूल कम दिख रहा है। 3.ऊपर बाईं तरफ आकाश में दो की बजाय चार पंछी उड़ रहे हैं। 4.दाईं तरफ घर के ऊपरी हिस्से में दो वेंटिलेशन विंडो दिख रहे हैं। 5.दाहिनी तरफ घर के थोड़ा ऊपर एक मधुमक्खी दिख रही है। 6.नीचे दाईं तरफ तितली गायब है।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ऋषि के दोस्त पार्क में योगाभ्यास कर रहे हैं, उसे इनके पास योगाभ्यास के लिए पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम ऋषि को अपने दोस्तों तक पहुंचने का रास्ता बताओ तो जरा।



## खबर संक्षेप



■ रोडवेज विभाग के चालक व परिचालक सुरक्षित नहीं: नाफरिया

हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता जयबीर नाफरिया।

### गिरफ्तारी न होने पर महासंघ ने जताया रोष

**भिवानी।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुंडू पर ड्यूटी के दौरान हमला करने वाले बदमाशों को पुलिस प्रशासन फतेहाबाद द्वारा गिरफ्तार नहीं करने पर रोष जताया है। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी परिसंघ सदस्य एवं हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश प्रवक्ता जयवीर नाफरिया ने कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो महासंघ उक्त मामले में शीघ्र बैठक कर रणनीति बारे विचार-विमर्श करेगा। उन्होंने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों का सांझा मोर्चा इस बारे में जो फैसला लेगा, उसका हरियाणा कर्मचारी महासंघ बढ़-चढ़कर सहयोग करेगा।

### देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर: धूपड़

**भिवानी।** भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धुपड ने कहा कि प्रधानमंत्री नमोदी के नेतृत्व में आज भारत देश तीव्र गति से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र सरकार ने 11 वर्ष के शासनकाल में हर वर्ग के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का काम किया है। शंकर धूपड़ प्रधानमंत्री नमोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बापोड़ा मंडल के गांव बीरन तथा गांव बापोड़ा में विशेष चौपाल कार्यक्रम को वीरवार को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री शिवकुमार पाराशर भी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम विभिन्न शक्ति केंद्रों पर आयोजित किया गया। वही इस दौरान कार्यक्रम से पूर्व दोनों ही गांवों में प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। बैठक की अध्यक्षता बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने की।

### 11 साल विकसित भारत के अमृत काल के रूप में रहे

**तोशाम।** भाजपा के बापोड़ा मंडल अध्यक्ष जगत बापोड़ा ने मंडल के विभिन्न गांव में जाकर चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को भाजपा के 11 साल के सुशासन से अवगत करवाया। इस दौरान उन्होंने गांव दिनोद, रिवासा, ढाणी माहु, कोहाड़, बजीना, कुसुम्भी आदि का दौरा कर चौपाल कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से मुलाकात की।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष जगत बापोड़ा का कहना था कि भारतीय जनता पार्टी के सुशासन के 11 साल विकसित भारत के अमृत काल के रूप में रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को विस्तार से बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों की सेवा, वंचितों का सम्मान तथा किसानों का कल्याण सुनिश्चित किया है। जिसके तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ लाभार्थियों को राशन मुफ्त मिल रहा है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाए गए हैं, हर घर जल योजना के अंतर्गत 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल मिला है, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 51 करोड लोगों को सुरक्षा कवरेज मिला है।

## पेयजल समस्या से परेशान नागरिकों का फूटा गुस्सा

# पहले अभियंता कार्यालय पर किया प्रदर्शन फिर ज्ञापन सौंपा

पानी समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोगों के साथ मिल करेंगे बड़ा प्रदर्शन: कामरेड ओमप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** पेयजल समस्या को लेकर प्रदर्शन करते जनसंघर्ष समिति के सदस्य व विभिन्न कॉलोनियों के लोग।

जनसंघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में परशुराम कॉलोनी, विद्यानगर शास्त्री मार्ग के निवासियों ने लंबे समय से गहराई पीने के पानी की समस्या को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया तथा काफी कहासुनी के बाद अधीक्षण अभियंता दलबीर सिंह दलाल को समाधान के लिए ज्ञापन दिया। इस मौके पर जनसंघर्ष समिति के संयोजक व सीपीआईएम के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मंडल सदस्य सुखदेव पालुवास व माकपा जिला कमेटी सदस्य संतोष देशवाल ने कहा कि नई बस्ती परशुराम कालोनी, विद्या नगर के शास्त्री मार्ग, हनुमान गली के अंतिम छोर व शहर के बंशीपाना में लंबे अरसे से पीने का पानी नहीं आ रहा है।

इस समस्या के समाधान के लिए जनसंघर्ष समिति ने 28 मई को भी विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन दिया था और कई बार कार्यकारी अभियंता सूर्यकांत के नोटिस में ये समस्या लाई जा चुकी है, इसके बावजूद समस्या ज्यों की त्यों हैं। सरकार व उपायुक्त द्वारा संचालित समस्या समाधान शिविर में भी पानी की समस्या को लेकर आवेदन दिए है, लेकिन आज तक इन कॉलोनीवासियों की समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनीवासियों में विभाग व जिला प्रशासन द्वारा उपेक्षा करने के विरोध में काफी गुस्सा था, समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता के साथ काफी कहासुनी हुई तथा अंत में उन्होंने ज्ञापन लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। आंदोलनकारियो ने चेतावनी देते हुए कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विभाग के सामने अनिश्चितकालीन धरना देने पर मजबूर होंगे।

### प्रदर्शन में ये हुए शामिल

इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नरेश शर्मा, परशुराम कालोनी से ममता देवी, कांता, राजबाला, इंदु शर्मा, विद्या नगर से दिलबाग ग्रेवाल, महाबीर फौजी, सुखबीर सांगवान, डॉ. बिजेंद्र, धर्मेंद्र घणघस, नफेसिंह फोजी, सरोज लाठर, कृष्णा, सविता व सुनीता शामिल रही।

# मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए काम किया

■ भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर चेयरमैन ने चलाया जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री द्वारा जन संपर्क अभियान में संबोधित करते हुए।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने जन संपर्क अभियान चलाया। उन्होंने शहरवासियों को संबोधित करते हुए बताया कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभियान के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह 11 वर्ष "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" को समर्पित रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग के लिए कार्य किया है किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों तक, सभी को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। योजनाएं जैसे उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन ने जमीनी स्तर पर बदलाव लाया है। बवानी खेड़ा में भी मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता जगन्नाथ मेहता, रामगोपाल सैनी, मनीष शंकर, सुंदर सैनी, रमेश कद्दावला, जोगेंद्र, दिनेश कोच, मेनपाल कौशिक एवं कस्बे के निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# टावरों को लेकर किसानों में आक्रोश

■ लोहारू अनाजमंडी में 23 जून को होगी किसान महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** वीरवार को किसान महापंचायत में चर्चा करते किसान। *फोटो: हरिभूमि*

अखिल भारतीय किसान सभा व सयुंक्त किसान मोर्चा ने 23 जुन को होने वाली किसान महापंचायत के लिए जिला सचिव मास्टर जगरोशन के नेतृत्व में गांव कतवार, ढाणी कतवार, मंढाण, खावा, मिरान, बिडौला, पिंजोखरा, गारणपुरा, दरियापुर आदी गांव का दौरा किया।

मास्टर जगरोशन ने कहा कि बीकानेर से पानीपत जाने वाली हाई वोल्टेज बिजली लाइन किसानों की अनुमति के बिना जबरदस्ती खड़ी की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बाजार भाव से 200 गुना मुआवजा दिए जाने की घोषणा के बाद भी बिजली कंपनियां केवल बाजार भाव का दो गुना मुआवजा देने का आश्वासन दे रही है। बिजली टावरों की जमीन व फसल के उचित मुहावजे की मांग करते हुए मास्टर ने बताया कि अगर सरकार ने उचित मुआवजा नहीं दिया तो हम लाइन खड़ी नहीं करने देंगे। वहीं डीएपी खाद की भारी किल्लत, ट्यूबवेल कनेक्शन, स्मार्ट मीटर योजना व 2023 कपास बीमा के 350 करोड़ रुपये के घोटाले को लेकर किसानों में भारी आक्रोश है, इन्हीं मुद्दों को लेकर लोहारू की अनाजमंडी में 23 जून को बड़ी किसान महापंचायत होगी। इस मौके पर रविंद्र सांगवान, राजपाल सांगवान खावा, जिलेसिंह सरपंच, बलराज नंबरदार कतवार, जयसिंह नंबरदार, जगमाल, सरपंच राजवीर, दिनेश मीरान आदि मौजूद रहे।

# भारत ने वैश्विक मंच पर बनाई पहचान

■ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 साल पूरे होने पर भाजपा माधव मंडल की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी की माधव मंडल के विशेष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन वीरवार को दादरी गेट स्थित प्रणामी आश्रम में किया गया। बैठक की अध्यक्षता माधव मंडल अध्यक्ष शिवराज बागड़ी ने की तथा बैठक को लेने भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य शंकर धुपड़, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मीना परमार, हरियाणा एससी आयोग वाइस चेयरमैन चेयरमैन विजेंद्र बडगूजर, आदि पहुंचे। इस बैठक में वक्ताओं ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और 11 वर्षों में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के मंडल संयोजक रमेश लालावास ने वीरवार को चौपाल कार्यक्रम के अंतर्गत गांव जुई बिचली, जुई कलां और बाबरबास में लोगों संवाद किया। रमेश लालावास बीडीसी ने कहा कि देश में पहले एम्स की आधारशीला 1956 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने रखी थी, उसके बाद 2003 में अटल बिहारी वाजपेई ने ही एम्स की आधार शीला रखी।

# योग से सर्वांगीण विकास संभव:वसुधा बहन

■ योग हमें संतुलित व संयमित जीवन जीना सिखाता: दलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पौधरोपण करते एसडीएम मनोज दलाल, बीके वसुधा व अन्य।

हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं ब्रह्माकुमारीज सेवाकेंद्र कादमा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल अभ्यास शिविर संपन्न हो गया। समापन पर बाढ़ड़ा एसडीएम मनोज दलाल बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहे। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, कादमा के सरपंच प्रतिनिधि महेश फौजी, रामबास के सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा, योग शिक्षक बिशनसिंह आर्य, सुरेंद्र शास्त्री, हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के जिला सचिव अमित जाखड़, मास्टर सुनील ने संयुक्त रूप से उपस्थित योग साधकों को पौधें वितरित कर हरित योग संदेश को जनता तक पहुंचाया।

मुख्यतिथि दलाल ने कहा कि शासन-प्रशासन व सामाजिक संस्थाओं के प्रयास से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शानदार तरीके से किया जा रहा है। इसमें आयुष विभाग व हरियाणा योग आयोग की विशेष भूमिका है। उन्होंने कहा कि योग स्वास्थ्य के साथ-साथ युवाओं में देशप्रेम की भावनाओं को बढ़ाने वाला है, हम सबके प्रयास से नशामुक्त योगयुक्त समाज का निर्माण हो। इस बार के योग दिवस का थीम है एक स्वास्थ्य एक पृथ्वी। योग के द्वारा अपने स्वास्थ्य को ठीक रखें और पौधरोपण से धरती माता के स्वास्थ्य को संतुलित बनाए रखना भी हमारा दायित्व बनता है।

### पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार

सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि योग हमें संतुलित व संयमित जीवन जीना सिखाता है। मानव का सर्वांगीण विकास राजयोग मेडिटेशन व योगाभ्यास में समाहित है। इसके लिए हमें खुद को स्वस्थ रखते हुए धरती माता का श्रृंगार पेड़ पौधों को भी बना कर रखना है। उन्होंने सभी योग साधकों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने को कहा। वास्तव में योग हमें मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है। योग शिक्षक बिशनसिंह आर्य, शर्मेंद्र योग इंस्पेक्टर, कविता दगड़ौली आयुष योग सहायक ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया।

# नशे से दूर रहने का संकल्प लिया

■ नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने करवाया कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी




**भिवानी।** नशा छोड़ने व दूसरे को जागरूक करने की शपथ लेते युवा।

नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था ने वार्ड 25 में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर रोक लगाना, युवाओं को इसके दुष्प्रभावों से अवगत करवाना और समाज को एक सकारात्मक दिशा देना रहा हैं। संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, विनोद प्रजापति, सिपाही संदीप व सोनू ने कहा कि नशा किसी व्यक्ति का नहीं, पूरे परिवार व समाज का विनाश करता है। नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था का संकल्प है कि हर गली, हर वार्ड, हर गांव तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचे। हम सबको मिलकर ये जनआंदोलन बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना समाज की पहली जिम्मेदारी है। सरकार के साथ-साथ समाजसेवी संस्थाएं ईमानदारी से जुड़ें, तो ये बुराई जड़ से समाप्त की जा सकती है। अभियान में भाग लेना हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। सिपाही संदीप व सोनू ने कहा कि पुलिस विभाग भी नशे के खिलाफ हर मोर्चे पर सक्रिय है, लेकिन जब तक समाज साथ नहीं देगा, तब तक ये लड़ाई अधूरी रहेगी। युवाओं को नशे से दूर रखना ही असली देशसेवा है।

### नशा सामाजिक बुराई

उन्होंने अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि हर नशेड़ी व्यक्ति के पीछे एक दुखी परिवार होता है। हमें यह समझना होगा कि नशा केवल आदत नहीं, एक सामाजिक बीमारी है। इससे लड़ने के लिए समाज को जागरूक होना ही होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी युवाओं को नशा न करने की शपथ दिलाई गई और साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि वे अपने मित्रों और परिवारजनों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें।

# ग्रामीणों ने भंडारे में की सेवा

■ बाबा जगदीशनाथ की याद में लगाया जागरण एवं भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़िगावा मंडी



गांव ढाणा जोगी में श्रीश्री 1008 जगदीशनाथ महाराज की याद में विशाल भंडारे व जागरण का आयोजन किया। आस-पास सहित दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने आश्रम ढाणा जोगी मंदिर में पहुंचकर बाबा की प्रतिमा के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति की कामना की। इसके बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। ढाणा जोगी में हर वर्ष की भांति बाबा जगदीशनाथ महाराज की स्मृति में महंत योगी केशवनाथ महाराज व भक्तजनों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। महंत योगी केशवनाथ ने बताया कि हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। महिलाओं और बच्चों ने भी बाबा के मंदिर में मत्था टेककर परिवार की सुख-समृद्धि के लिए बाबा से कामना की। ग्रामीणों ने भंडारे में आने वाले भक्तों की खूब सेवा की। रात को सत्संग हुआ, जिसमें प्रमुख भजन पार्टी के कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। इस मौके पर बाबा बैद्यनाथ, श्याम नाथ, देवनाथ, कृष्ण नाथ, महंत स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज, सुमेरनाथ, विकास गिरी महाराज, मोहन गिरी सहित भक्तजन मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस पार्टी की रीढः डॉ. मनीषा

■ युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने डॉ. मनीषा सांगवान से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** कांग्रेस नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान से मुलाकात करते युवा पदाधिकारी।

युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों ने वरिष्ठ नेत्री डॉ. मनीषा सांगवान से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसको लग्न एवं निष्ठा से निभाया जाएगा। नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस विधानसभा उपप्रधान प्रदीप जाखड़, चरखी ब्लॉक प्रधान नीरज रासीवास, बौंद ब्लॉक प्रधान मोहित मोनू और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सौरभ ने मनीषा सांगवान से मुलाकात की। डॉ. मनीषा सांगवान ने कहा कि युवा वर्ग किसी भी संगठन और पार्टी की रीड होता है। कांग्रेस पार्टी में युवाओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्षों की नियुक्ति भी जल्दी हो जाएगी। जिला स्तर पर संगठन बनने से पार्टी को अधिक मजबूती मिलेगी। मनीषा ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे सहित वरिष्ठ नेता पार्टी की मजबूती के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर नवनिर्वाचित युवा कांग्रेस विस उपप्रधान प्रदीप जाखड़, चरखी ब्लॉक प्रधान नीरज रासीवास, बौंद ब्लॉक प्रधान मोहित मोनू आदि मौज्द रहे।

## प्रकृति इंसान को सब कुछ देती, इंसान प्रकृति को देना सीखें: महंत

# हर गांव व हर शहर में बने ऑक्सीजन पार्क

■ हर घर हरियाली थीम के तहत पर्यावरण संरक्षण जन्मोत्सव जनजागरण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** पौधरोपण करते विधायक घनश्यामदास सर्राफ व महंत वेदनाथ महाराज।

हर घर हरियाली थीम के तहत पर्यावरण संरक्षण जन्मोत्सव जनजागरण अभियान चलाया, जिसके तहत नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति, सदाचारी शिक्षा समिति व जेसीआई स्टार क्लब ने फलदार, औषधीय व छायादार पौधें लगाए और हर किसी से अपने जन्म उत्सव पर पौधरोपण की अपील की। जोगीवाला शिव मंदिर धाम के शिव अमृत सरोवर पार्क में महंत वेदनाथ महाराज के सानिध्य में बतौर मुख्यतिथि विधायक घनश्याम दास सर्राफ ने पौधा लगाकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोगीवाला शिव मंदिर धाम के महंत वेदनाथ महाराज ने की। मुख्यतिथि एवं विधायक सर्राफ ने कहा कि हर गांव व हर शहर में खाली स्थान पर हर्बल पार्क व ऑक्सीजन पार्क होने चाहिए और हमें अधिक से अधिक पौधरोपण करने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया है। प्रदेश सरकार भी अभियान के तहत लाखों पौधों का रोपण प्रदेश में कर रही है। भिवानी जिले में लाखों पौधों का रोपण अलग-अलग डिपार्टमेंट के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर घर हरियाली थीम 2025 के तहत पर्यावरण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया, ये केंद्र व प्रदेश सरकार के अभियानों में कारगर सिद्ध होगा।

**सूचना**

मै, Praveen Singh S/o Sh. Ram Singh R/o Arya Hindi Sanskrit Mahavidyalya Gurukul, Rohtak Road, Vivek Nagar, Charkhi Dadri, Tehsil & District Charkhi Dadri, Haryana बयान करता हूं कि मैंने, पी॰जी॰ डिप्लोमा (उपाख्या) योग की परीक्षा Roll No. 11P2078, Enrolment No.H1004008 के तहत उत्तराखण्ड-संस्कृत विश्वविद्यालयः, हरिद्वारम् से वर्ष 2011 में पास की हैं तथा मैंने योगाचार्य परीक्षा लब्धाङ्कपत्रम् योग की परीक्षा Roll No. Y070912015, Enrolment No. H07090032 के तहत उत्तराखण्ड-संस्कृत विश्वविद्यालयः, हरिद्वारम से वर्ष 2010 में पास की हैं। पी॰जी॰ डिप्लोमा (उपाख्या) योग तथा योगाचार्य परीक्षा लब्धाङ्कपत्रम योग की डिग्री व माईग्रेशन सर्टिफिकेट दिनांक 02.05.2025 को नजदीक बस स्टेण्ड, चरखी दादरी के आस-पास कहीं गिर कर गुम हो गई।

## खबर संक्षेप

### जजपा का सुंगरपुर से सदस्यता अभियान शुरू

**तोशाम।** जननायक जनता पार्टी ने वीरवार को हल्का तोशाम में गांव सुंगरपुर से सदस्यता अभियान की औपचारिक शुरुआत की। इस अभियान की अध्यक्षता हल्का प्रधान ऋषिपाल फोगाट द्वारा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला प्रभारी कृष्ण बजीना ने शिरकत की। उन्होंने कॉपी भरकर अभियान की शुरुआत करते हुए सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर जिला प्रभारी कृष्ण बजीना ने कहा की जोन नंबर 6 के सभी सक्रिय कार्यकर्ता साथी मिलकर एक मजबूत टीम बनाएं, हर गांव में जाएं और जन-जन को पार्टी से जोड़ें।

### शिव कुमार चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण समिति के चेयरमैन हरिकृष्ण चौधरी के अनुज, वरिष्ठ उद्योगपति, आर्य समाजी विचारक एवं बीआरएचडी चैरिटेबल ट्रस्ट बहल के ट्रस्टी शिव कुमार चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिव कुमार चौधरी का निधन 17 जून को इंदौर में हुआ था। वे 73 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका जीवन सेवा, सादगी और समाज के प्रति समर्पण की मिसाल था। वे आर्य समाजी थे और उन्होंने बहल के आर्य समाज मंदिर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महेन्द्र चौधरी सभागार में शोक सभा हुई। जिसमें बीआरसीएम समूह की सभी संस्थाओं के स्टाफ सदस्य व अधिकारी मौजूद रहे।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**भिवानी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर युवा कांग्रेस की सक्रिय नेत्री एडवोकेट मुकेश ढ़ाणीमाहु ने हरित भारत-स्वच्छ भारत का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष पहल की। उन्होंने वीरवार को जिला के गांव ढ़ाणीमाहु में पौधारोपण कर राहुल गांधी के जन्मदिवस को एक सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए मनाया। इस मौके पर एडवोकेट मुकेश ढ़ाणीमाहु ने कहा कि राहुल गांधी सदैव पर्यावरण, किसानों और युवाओं के हित में आवाज उठाते रहे हैं। उनके विचारों से प्रेरणा लेते हुए उन्होंने यह पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

## कैनाल गार्ड को भी तृतीय श्रेणी के कर्मी का दर्जा देने की मांग

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने मंत्री श्रुति के नाम सौंपा ज्ञापन

पूर्व मंत्री व उच्च अधिकारियों से अनेक बार बातचीत व सहमति होने के बाद भी नहीं मानी जा रही मांगें : सूरजभान जटासरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के फील्ड कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं के समाधान के लिए बातचीत के लिए बैठक का समय देने, रेशनेलाईजेशन के नाम पर विभाग के गुरप सी व डी के फील्ड कर्मचारियों के पद समाप्त करने के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन रजिस्टर नंबर-41 संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी ब्रांच कमेटी एवं राज्य के नेताओं ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी आवास उनके प्रतिनिधि को मांगपत्र सौंपा गया। इस मौके पर राज्य उपप्रधान सूरजभान जटासरा ने बताया कि मांगपत्र के माध्यम से विभाग के कार्यरत्त कैनाल गार्ड की भर्ती योग्यता व शारीरिक मापदंड को देखते हुए फारेस्ट गार्ड की तर्ज पर तृतीय श्रेणी का कर्मचारी बनाए जाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना तथा जब समान काम-समान वेतन दिए जाने, कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत्त कर्मचारियों को कार्य मुक्त ना किया जाए, हटाए गए कर्मचारियों को वापिस लिया जाए, सेवा सुरक्षा के दायरे में आने वाले सभी कर्मचारियों की सेवा सुरक्षित की जाए, वेतन विसंगतियां दूर की जाए, पदोन्नति में कंप्यूटर ज्ञान की शर्त हटाए जाने, गुरप-घ के कर्मचारियों को कॉमन काडर से बाहर करते हुए विभागीय नियमों के तहत पदोन्नति दी जाए तथा पदोन्नति कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाए, एलटीसी सुविधा का भुगतान किए जाने, गेज रीडर के पद पर कैनाल गार्ड/बेलदार से पदोन्नति हो क्योंकि मेट पहले ही गुरप डी में पदोन्नत पद है सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राज्य संगठन सचिव सुशील आलमपुर, भिवानी जिला प्रधान अनिल बगड़ी, जिला सचिव सोमबीर पालवास, जिला कोषाध्यक्ष विनोद तंवर, ओम प्रकाश शेखावत, सूबे सिंह, प्रवीण इत्यादि कर्मचारी नेता मौजूद रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर मंत्री के आवास पर ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

### कई बार हुई सहमति के बाद भी समाधान नहीं

जटासरा ने कहा कि सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के फील्ड कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर पूर्व मंत्री व उच्च अधिकारियों से अनेक बार बातचीत व सहमति बनी है, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। जिसके चलते कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दते हुए कहा कि यदि जल्द ही उनकी मांगों को पूरा नहीं वे 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़-चढकर भाग लेंगे।

# समाधान शिविर हो रहे कारगर

- जिला सचिवालय में सीटीएम ने सुनीं लोगों की शिकायतें।

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुरू किए गए समाधान शिविर समस्याओं के निपटारे के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश जितेन्द्र कुमार ने उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जन सेवा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को बल मिलता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देश में संचालित राज्यव्यापी अभियान का हिस्सा है।




चरखी दादरी। समाधान शिविर में समस्या सुनते सीटीएम जितेंद्र कुमार।

# पड़ोसी जिलों में चक्का जाम से परेशानी

- बसों के चक्का जाम से निजी वाहन चालकों ने कूटी चांदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

गुरुवार को हिसार, सिरसा व फतेहाबाद में रोडवेज की हड़ताल का असर भिवानी में भी देखने को मिला। हालांकि भिवानी डिपो ने इन रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाने का प्रयास किया,लेकिन तीनों जिलों की बसों का संचालन न होने का सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ा। अन्य दिनों की अपेक्षा भिवानी से हिसार रोड पर सवारियों का बोझ ज्यादा था। साथ ही निजी वाहन चालकों ने भी गुरुवार को हिसार डिपो की बसें न चलने की वजह से जमकर चांदी काटी। वाहन चालकों ने मनमाफिक किराया वसूला। पूरे दिन इसी तरह की स्थिति बनी रही।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले अग्रोहा मोड़ के पास फतेहाबाद डिपो की बस के परिचालक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी थी। घायल अवस्था में परिचालक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। पुलिस ने केस दर्ज किया।



भिवानी। कंडक्टर के साथ मारपीट के विरोध में नारेबाजी करते हुए। *फाइल फोटो।*

# श्रीश्याम महोत्सव में झूमे श्रद्धालु

- चिलचिलाती गर्मी श्रद्धालुओं की भक्ति के आगे पड़ी फीकी

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

श्रीश्याम मंदिर सेवा समिति तोशाम द्वारा आयोजित दो दिवसीय छठा श्रीश्याम महोत्सव के पहले दिन वीरवार को सतरंगी ध्वजा यात्रा व नगर परिक्रमा के दौरान श्याम भक्त चिलचिलाती गर्मी में भी बाबा श्याम के भजनों पर जमकर झूमे। पहले सतरंगी ध्वजा यात्रा तथा नगर परिक्रमा का शुभारंभ संजय कुमार बुड़ाकिया ने किया। यह ध्वजा यात्रा बाबा मुंगीपा पहाड़ी पर स्थित श्री श्याम मंदिर से प्रारंभ होकर मैन चौक, पुराना थाना चौक, बस स्टैंड मार्ग, सुरेंद्र सिंह चौक, भगवान परशुराम चौक होते हुए सिवानी मार्ग से जागरण स्थल नई अनाजमंडी पहुंची। इस दौरान बाबा श्याम की भक्ति का जादू श्याम भक्तों के सिर चढ़कर बोल रहा था तथा सैकड़ो श्याम भक्त चिलचिलाती गर्मी में भी अपने हाथों में सतरंगी ध्वजा लिए बाबा श्याम की भक्ति में झूमते हुए ध्वजा यात्रा में शामिल हुए। वहीं यात्रा के दौरान श्याम भक्त बाबा की भक्ति में इस कदर लीन थे कि रंग-गुलाल के साथ होली खेलते हुए ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य कर रहे थे। जिससे एकबारगी बाबा मुंगीपा नगरी तोशाम पूरी तरह से बाबा खाटू श्याम के रंग में रंगी नजर आई।



तोशाम। श्रीश्याम ध्वजा लेकर जयकारे लगाते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

# जनविरोधी नीतियों के खिलाफ होगी हड़ताल

- ईवीएम के विरोध सहित विभिन्न मांगों को लेकर एक जुलाई को होगी राष्ट्रव्यापी हड़ताल : जगदीश
- देश के उत्थान की बजाय देश को बांटने व आमजन विरोधी नीतियां लागू कर रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ईवीएम के विरोध व बैलेट पेपर के समर्थन में केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी जाति आधारित जनगणना न करवाने के विरोध में आरएसएस-भाजपा द्वारा मुसलमानों द्वारा मूलनिवासी बहुजन महापुरूषों का अपमान करने के विरोध, बोधगया टेंपल एक्ट-1949 के विरोध तथा असंवैधानिक वक्फ संशोधन-विधेयक-2025 के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय परिवर्तन मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से एक जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया है। भारत मुक्ति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश प्रधान ने वीरवार को बैंक कॉलोनी स्थित आंबेडकर भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

जगदीश प्रधान ने बताया कि ये भारत बंद मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के नेतृत्व तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास पटेल के सहयोग से शांपिपूर्ण तरीके से होगा, जिसमें उपरोक्त संगठनों से जुड़े पदाधिकारी आमजन को साथ लेकर शहर में प्रदर्शन कर उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचेंगे तथा राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपते हुए उपरोक्त मांगों को पूरा करने की गुहार लगाएंगे।




भिवानी। राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर चर्चा करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी।

### बांटने रच रहे साजिश

जगदीश ने कहा कि भाजपा सरकार अपनी जननी आरएसएस के मूल नीति पर चलते हुए आमजन विरोधी तथा देश को बांटने के षड़यंत्र रच रही है, जिसके चलते देश में अराजकता का माहौल है तो वहीं दूसरी तरफ आमजन अपनी हकों व मूलभूत आवश्यकताओं के लिए दर-दर भटकने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षो के शासनकाल को स्वर्णिम काल के रूप में मनाकर आमजन को भटकाने का प्रयास कर रहे है, जबकि जमीनी हकीकत है कि 11 वर्ष प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का सबसे बुरा समय रहा हैं। प्रदर्शन के माध्यम से उपरोक्त मांगों को पूरा करने की गुहार राष्ट्रपति से लगाएंगे, ताकि देश के नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन न हो।

### समाधान शिविर में सुनीं लोगों की शिकायतें

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि विभिन्न विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निवारण प्राथमिकता से करें। ताकि आम लोगों को इन शिविरों का लाभ मिलना सुनिश्चित हो सके। वे स्थानीय कार्यालय में समाधान शिविर के दौरान लोगों की शिकायतें सुन रहे थे। समाधान शिविर में आमजन ने एसडीएम के समक्ष बिजली विभाग, नगरपालिका, पंचायती राज, स्वास्थ्य, सिंचाई विभाग व बैंकों से संबंधित अपनी समस्याएं रखी।एसडीएम ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने उपमंडल वासियों से अपील की है कि वे समाधान शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005


# मठवाला चौक में 20 लाख से बनेगा कवर्ड शेड

- जिला पार्षद रविंद्र मंढोली व ग्रामीणों ने रखी आधारशिला।

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

मंढ़ोलीकलां गांव के बाबा मठवाला में होने वाले आयोजन के लिए मठवाला चौक में करीब 20 लाख रुपये की लागत से कवर्ड शेड बनाया जाएगा। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। कवर शैड निर्माण जिप के कोटे से होगा। वीरवार को वार्ड नंबर 18 के जिला पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली व गांव के मौजिज लोगों ने शेड निर्माण की आधारशिला रखी। पिछले काफी समय से बाबा मठवाला में होने वाले आयोजन खुले आसमान के नीचे करने पड़ रहे थे। कई बार गर्मी, बारिश व सर्दी के मौसम में ऐसे आयोजनों के संपन्न होने में बड़ी दिक्कत होती थी। ग्रामीणों की मांग पर जिला पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली ने जिला परिषद भिवानी के कोटे से मठवाला प्रांगण में शेड निर्माण की मंजूरी ली और इसके निर्माण के लिए करीब 20 लाख रुपये की राशि जारी करवाई। शेड निर्माण के बाद ग्रामीणों को किसी भी आयोजन के लिए दिक्कत नहीं उठानी पड़ेगी। गांव के सरपंच सोनू, मोटू श्योराण, कैलाश शर्मा, कमल कोच ने शेड निर्माण कार्य के लिए रविन्द्र मंढोली का आभार जताया है।



बहल। मंढ़ोलीकलां गांव में शेड निर्माण की आधारशिला रखते पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली।

### दस हजार फीट का शेड

पार्षद रविन्द्र मंढ़ोली ने बताया कि शेड का निर्माण जिला परिषद की एसएफसी स्कीम के तहत करवाया जा रहा है। शेड एक महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। शेड करीब 150 गुणा 65 वर्ग फुट साइज का होगा और पूरी तरह से कवर्ड होगा। शेड बनने के बाद गांव के लोगों को सभा, मीटिंग सहित अन्य आयोजनों में परेशानी नहीं होगी।

### 30 लाख से बनेगी एससी चौपाल

गांव मंढ़ोली कलां गांव में जिप कोटे से करीब 30 लाख में एससी चौपाल बनाई जाएगी। चौपाल पर करीब 15 लाख रुपये खर्च होंगे। एससी चौपाल व धानक चौपाल में शेड व पानी की टंकी पर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। दोनों चौपालों के निर्माण व सुविधाओं के विस्तार पर करीब 30 लाख रुपये की लागत आएगी।

# कैमिस्ट्री: छात्र गुणवत्तापूर्ण शोध को समर्पित: धर्माणी

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- रसायन विज्ञान, अनुसंधान के क्षेत्र में लिख हर दिन नए अध्याय

प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि आज रसायन विज्ञान के क्षेत्र में हर रोज नए अनुसंधान हो रहे हैं और इसकी मांग उद्योग जगत से लेकर रक्षा क्षेत्र में भी है। बिना विज्ञान में आगे बढ़े हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों में पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाले उपाय में वैज्ञानिक शोध विकसित करने के साथ विकसित भारत के सपने को पूरा करने वाले वैज्ञानिक बनाना है। चौ. बंसी लाल विश्वविद्याल का रसायन विभाग लगातार इस क्षेत्र में उत्कृष्टता और छात्रों के कैरियर पथ को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है।

विभाग की विशेषताओं के बारे में जानकारी देते हुए डिपार्टमेंट ऑफ कैमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष प्रो. मयंक किंगर ने कहा कि हमारा विभाग एम.एससी. रसायन विज्ञान और पीएचडी रसायन विज्ञान कार्यक्रमों के माध्यम से उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के अवसर देकर अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। समग्र विकास और उद्योग की वर्तमान जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रमों का निर्माण और अनुसंधान के साथ उद्देश्य कुशल विद्वानों को विकसित करना है।


मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008


## योग प्रशिक्षकों ने योग 'शालाओं' से योग दिया योग को अपनाने का 'संदेश'

# 'निरोगी रहने के लिए रोजाना 45 मिनट करें योग'

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जिले में विभिन्न जगहों पर संचालित हो रही करीब 6 दर्जन योगशालाओं से गुरुवार को विश्व योग दिवस की सफलता का संदेश दिया। योग गुरुओं ने स्वस्थ रहने का मूलमंत्र भी बताया। रोजाना 45 मिनट तक योग करने वाले व्यक्ति निरोग रहता है। लाइलाज बीमारी भी नजदीक सी फटकती नहीं। योग गुरुओं ने योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने का आहवान किया। योग शालाओं में तैनात योग गुरुओं व योग प्रशिक्षकों ने 21 जून को होने वाले योग दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों से आहवान किया कि वे इस दिन ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग के बारे में जागरूक करें। नियमित योग करने से बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।



भिवानी। विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर योग करते। *फोटो : हरिभूमि*

### आज होगी पायलट रिहर्सल

21 जून को विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को योग की पायलट रिहर्सल करवाई जाएगी। इसके लिए भीम स्टेडियम में युवाओं को योग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और साथ ही उनको योग करने के तौर तरीके भी बताए जाएंगे। इस दौरान करीब 45 मिनट तक योग प्रक्रिया होगी। इस दौरान यह भी जानकारी दी जाएगी कि 21 जून को होने वाले योग महाकुम्भ में कौन से योग करवाए जाने है। उसकी पूरी जानकारी शेयर की गई। योग करवाए जाने के बाद मैराथन का कार्यक्रम शुरू होगा।

### 21 जून को दिखाया जाएगा सीधा प्रसारण

नगराधीश अनिल कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर का योग दिवस कार्यक्रम विशाखापट्टनम में हो रहा है, जहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। इसी प्रकार से हरियाणा का प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में आयोजित हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 जून को जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान विशाखापट्टनम से सुबह 6.00 से 6.30 बजे तक प्रधानमंत्री मोदी का तथा 6.30 से 7.00 बजे तक कुरुक्षेत्र से मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

### मैराथन से नशे पर कसा जाएगा तंज

योग दिवस की पूर्व संख्या पर 20 जून को सबसे पहले स्टेडियम में योग का अभ्यास करवाया जाएगा। उसके बाद बीपीएस स्कूल से मैराथन दौड़ का शुभारंभ करवाया जाएगा। मैराथन यहां से चलकर स्टेडियम, चिड़ियाघर होते हुए वापस बीपीएस स्कूल आएगी। मैराथन में शामिल युवा लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश देंगे। चूंकि किसी बुराई को लोगों में जागरूकता फैलाकर ही दूर किया जा सकता है। 21 जून को होने वाले योग को लेकर जिला प्रशासन ने योग कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों का पंजीकरण करने का कार्य शुरू किया है।